पत्रांक–सं0सं0–6/N–13-30/2024.........

# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य विभाग
## !! निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएँ !!

**प्रेषक,**

**डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह,**
निदेशक प्रमुख (नर्सिंग)।

**सेवा में,**

**सभी सिविल सर्जन, बिहार।**

पटना, दिनांकः / /2025

**विषयः–** **ए0एन0एम0, स्टॉफ नर्स एवं ट्यूटर (नर्सिंग) कर्मियों को नियुक्ति प्राधिकार के अनुमति के बिना प्रतिनियुक्ति नहीं करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वर्तमान में प्रचलित बिहार परिचारिका संवर्ग नियमावली, 2024, बिहार उपचर्या शिक्षण संवर्ग नियमावली, 2024 एवं बिहार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता संवर्ग नियमावली, 2025 में क्रमशः स्टॉफ नर्स, ट्यूटर (नर्सिंग) एवं ए0एन0एम0 के नियुक्ति प्राधिकार निदेशक प्रमुख (नर्सिंग) हैं। उक्त नियमावली विभागीय वेबसाईट पर अपलोड है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

पूर्व में विभागीय आदेश संख्या–111(6), दिनांक–10.01.2024 द्वारा स्टॉफ नर्स कर्मियों की सभी प्रतिनियुक्ति को समाप्त कर दिया गया था तथा अपने मूल पदस्थापित स्थान पर अविलंब योगदान करने का निदेश दिया गया था, परन्तु ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ स्टॉफ नर्स अभी भी प्रतिनियुक्ति वाले स्थान पर ही कार्यरत है, जो अत्यन्त ही खेदजनक है तथा सरकारी आदेश की अवहेलना है।

अतः सभी सिविल सर्जन को निदेश दिया जाता है कि किसी भी ए0एन0एम0, स्टॉफ नर्स एवं ट्यूटर (नर्सिंग) का बिना नियुक्ति प्राधिकार की अनुमति के अपने स्तर से प्रतिनियुक्ति नहीं करेंगे तथा जो भी कर्मी अभी तक प्रतिनियुक्ति स्थल पर बने हुये हैं उन्हें तत्काल अपने मूल पदस्थापन स्थान पर कार्य करने हेतु निदेशित किया जाय अन्यथा भविष्य में किसी प्रकार की मुकदमाबाजी होने पर संबंधित सिविल सर्जन व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार होंगे तथा उनके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन
ह0/–
**(डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह),**
निदेशक प्रमुख (नर्सिंग)।

ज्ञापांक : सं0सं0–6/एन0–13–30/2024...333(6)...पटना दिनांक 21/03/2025

**प्रतिलिपिः–**सभी अधीक्षक, सदर अस्पताल/उपाधीक्षक, अनुमण्डलीय अस्पताल/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–**सभी ए0एन0एम0, स्टॉफ नर्स एवं ट्यूटर (नर्सिंग) कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–**आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/03/2025

**निदेशक प्रमुख (नर्सिंग)।**

D \Vyas Jee